# FIRST INFORMATION REPORT
## (Under Section 173 B.N.S.S)

# प्रथम सूचना रिपोर्ट
## (धारा 173 बी एन एस एस के तहत)

1. **District (जिला):** Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Hisar **Year (वर्ष):** 2025

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0026 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 11/07/2025 19:59 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |
| 2 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7A |
| 3 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 8 |
| 4 | THE BHARATIYA NYAYA SANHITA (BNS), 2023 | 61 |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** **Date from (दिनांक से):** **Date To (दिनांक तक):**

**Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** **Time To (समय तक):**

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 11/07/2025 **Time (समय):** 19:51 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 020 **Date and Time (दिनांक और समय):** 11/07/2025 19:51 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** WEST, 70 Km(s) **Beat No. (बीट सं.):**

**(b) Address (पता):** RATIA,

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

**District (State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** DEVENDER SINGH

(b) **Father's/Husband's Name (पिता/पति का नाम):**

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 20/10/1980 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यू.आई.डी. सं.):** **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

(f)

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address (पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | **ACB HISAR, HISAR, HARYANA, INDIA** |
| 2 | **Permanent Address** | **ACB HISAR, HISAR, HARYANA, INDIA** |

(j) **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):** 91-8814011709

7. **Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | DARSAN SINGH ASI | | | 1. READER DSP RATIA,FATEHABAD,HARYANA, INDIA |
| 2 | UNKNOWN | | | 1. READER DSP RATIA,ACB,Hisar,Anti Corruption Bureau,Haryana,HARYANA,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. **Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

12. **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

सेवा में

प्रबन्धक अफसर,

थाना राज्य सतर्कता एंव भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,

हिसार मण्डल, हिसार ।

श्रीमान जी,

निवेदन है कि कार्यालय अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हरियाणा पँचकुला के पत्र क्रमाँक 10451/शिकायत/287/हिसार/2025 दिनाँक 05-06-25 व कार्यालय पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हिसार मण्डल, हिसार के पत्र क्रमाँक 3051/Comp./174/ACB/HSR/2025 dated 9-06-25 के अनुसार एक लिखित शिकायत श्री नरेश कुमार पुत्र भगत सिहँ निवासी भूना, जिला फतेहाबाद विश्लेषण हेतू मन उप पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हिसार को मार्क हुई जो शिकायत का सार इस प्रकार है :-

सेवा में, भ्रष्टाचार निरोधक, श्रीमान अलोक जी मित्तल, प्लाट नं.-1,पंचकुला (सेक्टर-23), हरियाणा विषयः-मुकदमा नं0 44 दिनांक 15/02/2025 जेर 3(1)ZC, 3(2) (VA), 3SC/ST Act 351(3) BNS थाना भूना जिला फतेहाबाद में जांच अधिकारी संजय बिश्नोई, डी.एस.पी. रतिया द्वारा नामजद को मुकदमा में फंसाये जाने का भय दिखाकर भ्रष्टाचार स्वरूप ऐंठी गयी धनराशि के सम्बंध उचित एंव निष्पक्ष जांच किये जाने बारे।

1. श्रीमान जी,निवेदन यह है कि मैं नरेश कुमार पुत्र भगत सिह निवासी भूना जिला फतेहाबाद का रहने वाला एक अमनपसंद व कानून को मानने वाले भारतवर्ष का जिम्मेवार नागरिक हूं तथा जनाब से निम्नलिखित प्रार्थना करता हूं किः-यह कि उपरोक्त विषयवर्णित मुकदमा जोकि झूठे तथ्यों पर आधारित था किन्तु जांच अधिकारी ने भ्रष्टाचार व अपने निजी आर्थिक हितों की पूर्ति के लिए नामजद के उपर नाजायज दबाव बनाकर उनसे लगभग 10 लाख रूप्ये की धनराशि ऐंठ ली जो यह धनराशि ग्रामीणों ने पूरे गांव से चंदा इक्ट्ठा करके जुटाई गयी थी और मुकदमा हजा को कैन्सिल कर दिया है।

2. यह कि उपरोक्त मुकदमा हमारे इलाके का काफी चर्चित मामला था जिसमें सामाजिक संगठनों की बहुत सी पंचायतें हुई, क्योंकि मुकदमा में वर्णित मामला सरासर ही झूठा व मनगढंत था और आमजन में इस झूठे मुकदमा को लेकर भारी रोष था और रोष स्वरूप ग्रामीणों द्वारा रोड़ जाम भी किया गया था और धरने प्रदर्शन भी हुए थे।

3. यह कि मन प्रार्थी को अपने निजी विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उपरोक्त झूठे मुकदमा में फंसाने का भय दिखाकर जांच अधिकारी संजय बिश्नोई ने नामजद लोगों से भारी धनराशि मुकदमा कैन्सिल किये जाने के नाम से ऐंठी है। जब मैने उक्त मामला में डीएसपी जांच अधिकारी के रीडर दर्शन सिंह से अपने स्तर पर बात की तो सच्चाई का पता चला और उसने भी पांच लाख रूपये डीएसपी को देने के लिए फोन पर हामी भरी है, जिसकी कॉल रिकार्डिंग बावक्त जरूरत प्रस्तुत की जा सकती है।

4. यह कि इसके साथ एक नामजद व्यक्ति की हस्तलिखित पर्ची व उसके स्वयं के ब्यान मेरे पास वॉयस रिकार्डिंग भी मौजूद है, जिसे जांच अधिकारी के मांगने पर प्रस्तुत कर दूंगा । अतः आप महोदय से विनम्र अनुरोध है कि उपरोक्त तथ्यों के आधार पर उपरोक्त विषयवर्णित मुकदमा 'को कैन्सिल करने के नाम पर नामजद से ऐंठी गयी तकरीबन 10 लाख रूप्ये की धनराशि ऐंठने वाले उक्त पुलिस अधिकारी संजय बिश्नोई के विरूद्ध भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके कार्यवाही की जावे तथा इस भ्रष्टाचार की जांच गांव ढाणी भोजराज के ग्रामीणों को शामिल जांच करके किसी उच्च एंव निष्पक्ष अधिकारी से करवाई जाये एंव उपरोक्त भ्रष्ट अधिकारी द्वारा संगीन अपराधों के मुकदमों में जांच के उपरांत उन मुकदमों कैन्सिल करने की स्थिति में उनकी भी पुनः जांच करवायी जाये ताकि उपरोक्त भ्रष्ट अधिकारी की ओर भी करतूतें सामने आ सकें । आपकी अति कृपा होगी।

5 शिकायत के विश्लेषण के दौरान पाया कि अभियोग नं0 44 दिंनाक 15/02/2025 धारा 3(19 ZC , 3(2)(VA) 3 SC/ST Act 351(3) BNS थाना भूना, जिला फतेहाबाद का अनुसंधान श्री संजय बिशनोई, उप पुलिस अधीक्षक रतिया,जिला फतेहाबाद को मार्क होने पर किया गया । दौराने अनुसंधान अभियोग में धारा 3(19 ZC , 3(2)(VA) 3 SC/ST Act 351 (3) BNS हटाई गई व अभियोग में गिरफ्तार शुदा तीन व्यकितयों को अभियोग से डिस्चार्ज करवाया गया । अन्य नामजद व्यक्तियों के नाम अभियोग से तर्क किये गये तथा रमेश कुमार चौंकीदार गांव ढाणी भोजराज के खिलाफ धारा 353 (2) BNS के तहत कार्यवाही करने हेतु प्रबन्धक थाना भूना को निर्देश दिये ।

6 अतः परिवाद के विश्लेषण के दौरान शिकायतकर्ता नरेश कुमार द्वारा ASI दर्शन सिंह रीडर उप पुलिस अधीक्षक रतिया से की गई बातचीत की रिकोर्डिंग व सरजीत द्वारा मुकेश व अन्य से की गई बातचीत की रिकोर्डिंग को सुनने से, रिकोर्डिंग के हिन्दी अनुवाद के अध्ययन से, ब्यानात गवाहान से गांव ढाणी भोजराज में खुफिया तौर पर किये गये विश्लेषण से पाया कि ASI दर्शन सिंह रीडर उप पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त साढे पांच लाख रुपये डी.एस.पी. साहब को दिये जाने बारे कह रहा है व गांव ढाणी भोजराज के ग्रामवासियों द्वारा उपरोक्त मुकदमा में हुये खर्चो के बारे में उगाही

करके रूपये ईक्टठा किया जाना पाया गया है । शिकायत की अन्तिम रिपोर्ट में अभियोग अंकित करने की सिफारिश करते हुये पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हिसार मण्डल हिसार के पत्र क्रमांक नं. 3283/ ACB/HSR dated 18.06.2025 के अनुसार श्रीमान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हरियाणा पंचकुला को भेजी गई थी ।

7 श्रीमान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हरियाणा पंचकुला के पत्र क्रमांक 12870/Complaint/287/HSR/2025 dated 04.07.2025 व डायरी क्रमांक 2380 दिंनाक 07.07.2025 अनुसार लेख अंकित करने हेतु मन उप पुलिस अधीक्षक को प्राप्त हुई है । जिसमें ASI दर्शन सिंह के खिलाफ धारा 7 ,7APC ACT व अन्य प्राईवेट व्यक्ति के खिलाफ धारा 8 PC r/w 61(2) BNS के तहत अभियोग अंकित किये जाने बारे तथा अभियोग के अनुसंधान के दौरान उक्त मामले से सम्बन्धित संजय बिश्नोई, तत्कालीन उप पुलिस अधीक्षक रतिया, जिला फतेहाबाद की संलिप्तता बारे देख लेने बारे आदेश किये गये है ।

अत: ASI दर्शन सिंह रीडर उप पुलिस अधीक्षक रतिया जिला फतेहाबाद के खिलाफ धारा 7, 7APC ACT व अन्य नामलूम प्राईवेट व्यक्ति के खिलाफ धारा 8 PC ACT r/w 61(2) BNS के तहत अभियोग अंकित किये जाने बारे लेख अंकित करने हेतु तहरीर प्रस्तुत है ।

SD/- Devender Nain

(देवेन्द्र नैन), ह0पु0से0

उप पुलिस अधीक्षक,

राज्य सतर्कता एंव भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ,

हिसार मण्ड़ल हिसार । AT 07.45 PM

अज थाना- हस्ब आमद तहरीर पर मु.न. 26 दिनांक 11.07.2025 जेर धारा 7, 7A,8 PC ACT r/w 61(2) BNS PS ACB Hisar दर्ज रजि. किया जाकर बदस्त ASI सतपाल 183/फतेहाबाद प्र.सु.रि. मय असल तहरीर आगामी तफ्तीश हेतू श्री जुगल किशोर उप पुलिस अधीक्षक उप केन्द्र फतेहाबाद भेजी जा रही हैं । प्र.सु.रि. की स्पैशल प्रतियां तैयार करके बजरियां EMAIL ID द्वारा ईलाका मैजिस्ट्रेट साहब फतेहाबाद व पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद की सेवा में भेजी जा रही हैं ।

13. **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2. (की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):**

**(1)** **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया): / or ( या)**

**(2)** **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** JUGAL KISHOR **Rank (पद):** Dy. SP (Deputy Superintendant of Police)

**No. (सं.):** HPS **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

**(3)** **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

**(4)** **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C.**
**(आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** Mohender Singh

**Rank (पद):** Inspector

**No. (सं.):** 293/H

**14.** **Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

**15.** **Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

Error: Subreport could not be shown.